राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)
एयरपोर्ट रोड, गांधीनगर, भोपाल (म.प्र.)-४६२०३३
फोन : ०७५५-२६७८८७०
फैक्स : ०७५५-२७४२००६
ईमेल :, dsw@rgpv.ac.in
वेबसाईट : www.rgpv.ac.in

RAJIV GANDHI PROUDYOGIKI VISHWAVIDYALAYA
(State Technological University of Madhya Pradesh)
Airport Road, Gandhi Nagar, Bhopal (M.P.) - 462033
Phone : 0755 - 2678870
Fax : 0755 - 2742006
Email :dsw@rgpv.ac.in
Website : www.rgpv.ac.in

क्रमांक/रा. गां. प्रौ. वि. /अधिष्ठाता छात्र कल्याण/2026/753 भोपाल, दिनांक 16/09/2026

## // सूचना //

प्रति,
समस्त प्राचार्य/संचालक
विश्वविद्यालय से संबंद्ध इंजीनियरिंग/फार्मेसी
एम.सी.ए./आर्किटेक्चर/पत्रोपाधि महाविद्यालय
मध्य प्रदेश

विषय :– दिनांक 17/09/26 को "सेवा संकल्प अभियान" के तहत लोकभवन सचिवालय में आयोजित "भव्य रक्तदान शिविर" के संबंध में।

संदर्भ :– इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, म.प्र. राज्य शाखा का पत्र क्रमांक आईआरसीएस/2026/830 भोपाल, दिनांक 15/09/2026

कृपया संदर्भित पत्र का अवलोकन कर "सेवा संकल्प अभियान" के अंतर्गत लोकभवन सचिवालय में आयोजित **"भव्य रक्तदान शिविर"** में जा कर रक्त दान हेतु आपके महाविद्यालय के अधिक से अधिक छात्र, छात्राओं को प्रोत्साहित करे एवं संलग्न पत्र में प्राप्त निर्देशानुसार उपरोक्त कार्यवाही की जाना आपेक्षित है।

संलग्न :– संदर्भित पत्र।

(डॉ. के.टी.चतुर्वेदी)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
भोपाल

क्रमांक/रा. गां. प्रौ. वि. /अधिष्ठाता छात्र कल्याण/2026/754 भोपाल, दिनांक 16/09/2026

प्रतिलिपि

01 माननीय कुलपति महोदय के निज सचिव की ओर माननीय के अवलोकनार्थ।
02 कुलसचिव के निजसहायक की ओर सूचनार्थ।
03 पोर्टल पर प्रदर्शित करने हेतु समस्त संबद्ध महाविद्यालयों के सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

(डॉ. के.टी.चतुर्वेदी)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
भोपाल

# इंडियन रेडक्रास सोसायटी, म.प्र. राज्य शाखा
# Indian Red Cross Society

**M.P. STATE BRANCH**
**(Constituted under ACT XV OF 1920)**

Tel : 0755-2550441
e-mail : mpredcrossbhopal@gmail.com

रेडक्रास भवन, शिवाजी नगर, भोपाल
Red Cross Bhawan,
Shivaji Nagar,
Bhopal (M.P.) - 462 016

पत्र क्रमांक/आईआरसीएस/2026/830 भोपाल, दिनांक 15.09.2026

प्रति,

समस्त
शासकीय एवं अशासकीय
विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय
भोपाल–मध्यप्रदेश

विषय :–दिनांक 17 सितम्बर 2026 को "सेवा संकल्प अभियान" के तहत लोकभवन सचिवालय में आयोजित "भव्य रक्तदान शिविर" के संबंध में।

संदर्भ :–इस कार्यालय का पत्र क्रमांक/आईआरसीएस/2026/765–766 दिनांक 07.09.2026

—0—

उपरोक्त विषय एवं संदर्भित पत्र के तारतम्य में लेख है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर, 2026 तक एक माह की अवधि में "सेवा संकल्प अभियान" आयोजित किए जाने हेतु संदर्भित पत्र प्रेषित किया गया था।

उल्लेखनीय है कि माननीय राज्यपाल महोदय के निर्देशानुसार दिनांक 17 सितम्बर 2026 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर लोकभवन सचिवालय में "भव्य रक्तदान शिविर" का आयोजन किया जा रहा है।

अतः आपसे अनुरोध है कि आपके विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थियों को स्वैच्छिक रक्तदान हेतु दिनांक 17 सितम्बर 2026 को प्रातः 10:30 बजे से सायं 05:00 बजे तक लोकभवन सचिवालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

साथ ही, आपके विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से रक्तदान हेतु आने वाले विद्यार्थियों के नाम, मोबाइल नम्बर तथा संबंधित काउंसलर का नाम एवं मोबाइल नम्बर सहित सूची इस कार्यालय के ई–मेल पर तथा व्हाट्सऐप नम्बर 9584518872 पर अनिवार्य रूप से दिनांक 16 सितम्बर 2026 को सायं 05:30 बजे तक प्रेषित करने का कष्ट करें।

उपरोक्त संबंध में अधिक जानकारी हेतु श्रीमती आभा शुक्ला, माननीय राज्यपाल की अवर सचिव एवं इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अभिजीत देशमुख, मोबाइल नम्बर 94250–79580 तथा सह–संयोजक डॉ. सत्येन्द्र बघेल, मोबाइल नम्बर 9584518872 संपर्क किया जा सकता है।

अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि "सेवा संकल्प अभियान" के अंतर्गत आयोजित उक्त रक्तदान शिविर को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने का कष्ट करें।

(रामेन्द्र सिंह)
जनरल सेक्रेटरी

पृष्ठांकन क्रमांक/आईआरसीएस/2026/831 भोपाल, दिनांक 15.09.2026

प्रतिलिपि :–

1. माननीय राज्यपाल के प्रमुख सचिव, लोकभवन, भोपाल–मध्यप्रदेश।
2. माननीय राज्यपाल के परिसहाय, लोकभवन भोपाल–मध्यप्रदेश।
3. पी.ए. चेयरमैन, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, म0प्र0 राज्य शाखा, भोपाल।

जनरल सेक्रेटरी

Latter Dharmendra -2026